श्री

श्रीमते यमुनाचार्याय नमः

आलवन्दार स्तोत्रम्

पुस्तक वाजपेयी

मत श्री [illegible] मन्दिर

कानपुर महानगर

श्री वैकुं०ठ

॥ श्रीमते रामानुजाय नमः ॥
॥ श्रीगोदारङ्गमन्नारपरब्रह्मणे नमः ॥

श्रीमद्यामुनाचार्यस्वामिप्रणीतम्

श्रीचतुश्लोकिसमवेतम्

आलवन्दारस्तोत्रम्

(स्तोत्ररत्नम्)

हिन्दीटीकासहितम्

सम्पादक :
केशवप्रपन्न शास्त्री

श्रीरङ्गनाथ प्रेस, वृन्दावन (उ० प्र०)

बन्सतपञ्चमी
संवत् २०३६

न्योछावर
भगवत् प्रेम

स्पृ्ग्रि ... श्री...

परिचय

卐

आलवन्दार स्तोत्र (स्तोत्ररत्न) के रचयिता श्रीयामुनाचार्य
मी ने दक्षिण भारत स्थित चोल देश के अन्तर्गत वीरनारायणपुर
३०७८ वें वर्ष धातृनाम संवत्सर कर्कटमास पूर्णिमा उत्तराषाढ़
त्र में अवतार लेकर सुशोभित किया। आपके पिता श्रीईश्वरमुनि
मातुःश्री रङ्गनायकी नामक थे। आपके पितामह श्रीनाथमुनि
मी थे। श्रीवैष्णव सम्प्रदाय की गुरुपरम्परा में आप महानुभावों का
सादर स्मरण किया जाता है।

आपको मन्त्रोपदेश तथा पञ्चसंस्कार श्रीनाथमुनि स्वामीजी
प्त हुआ। तत्व एवं पुरुषार्थ का उपदेश श्रीपुण्डरीक्षस्वामीजी से
योग रहस्य की शिक्षा कुरुहावलप्पन् स्वामी जी से आपने प्राप्त
ी। श्रीराममिश्र स्वामी जी से सन्यासाश्रम की दीक्षा के साथ
पदेश ग्रहण किया। इसीलिये गुरुपरम्परा में श्रीमन्नाथमुनि,
ण्डरीकाक्ष, श्रीराममिश्र के पश्चात् श्रीयामुनाचार्य स्वामी का
आता है।

आपके चार पुत्र थे—तिरुवरङ्गप्पेरुमालरैयर, देयवत्तुक्करशु-
, पिल्लैयरशुनम्बि, शोट्टैनम्बि। आपके कुछ प्रधान शिष्य—
हापूर्ण, श्रीशैलपूर्ण, श्रीगोष्ठीपूर्ण श्रीमालाधर, तेवारियाण्डान्, वान-
यियाण्डान्, ईश्वराण्डान्, जीयराण्डान्, आलवन्दारालवान्, तिरु-
प्पन्, श्रीकाञ्चीपूर्ण श्रीवकुलाभरण सोमयाजी आदि। श्रीरामा-

नुजाचार्य जी भी आपसे अत्यन्त प्रभावित हो शिक्षा ग्रहण हेतु आ थे लेकिन आपके अन्तिम संस्कार के ही दर्शन कर सके।

श्रीयामुनाचार्य जी १२५ वर्ष तक इस भूतल को अपने ज्ञान लोक से प्रकाशित करते रहे।

आपके निर्मित ग्रन्थ इस प्रकार हैं—आलवन्दार स्तोत्रम्, सिद्धि त्रय, श्रीगीतार्थसंग्रह (श्लोक बद्ध) एवं व्याख्या आगमप्रामाण्य, पुरु निर्णय, चतुःश्लोकी।

आलवन्दार स्तोत्ररत्न के द्वारा श्रीयामुनाचार्यजी ने भगवान आत्म निवेदन पूर्वक प्रार्थना की है। आप भगवान के स्वरूप रूप गु विभुतियों के वर्णन के साथ शरणागति पूर्वक भगवद् भागवद्गाचा कैङ्कर्य एवं परमाभक्ति को ही जीव का परमप्राप्तव्य मानते हैं। परम दैन्यभरी हुई यह भगवद् स्तुति भगवान एवं भागवतों को इतनी प्रि हुई कि इसे "स्तोत्ररत्न" की संज्ञा दी गई। यही कारण हैं कि सभ संप्रदाय के भक्तों का कंठहार बन गयी।

इस स्तोत्र पर अनेक टीकाएँ हुई, यहाँ तक कि भाष्य भी उप लब्ध है। यह इसकी लोकप्रियता का निदर्शन है। सर्व साधारण व स्तोत्रार्थ का आनन्द लाभ हो सके इस हेतु यह प्रयास किया गया है यदि भागवतों को कुछ भी रुचिकर हुआ तो यह प्रयास सफल समझ जायेगा। यह भी संभव है कि कहीं कोई त्रुटि रह गई हो कृपया सुधी जन सुधार लेंगे।

श्रीविष्णुसहस्रनाम का पाठ दैनिक प्रत्येक वैष्णव को करणी है एतदर्थ उसे भी यहाँ रखा गया है।

भागवतानुचर—
केशवप्रपन्नः

✽ श्रीगोदारङ्गमन्नारपरब्रह्मणे नमः ✽

✽ श्रीमते रामानुजाय नमः ✽

वर्तमानगोवर्द्धनपीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित

श्रीरङ्गाचार्य स्वामीजी महाराज

तनयन श्लोक

वाधूलाब्धिसरोजसौम्यविकसत् रङ्गार्यदौहित्रकं,
श्रीमद्कोविदश्रीनिवासतनयं सौशील्यभूषान्वितम् ।
श्रीमद्वेङ्कटयोगिराजचरणे न्यस्तात्मभावं मुदा,
श्रीरङ्गार्यगुरुं भजामि सततं कारुण्यवारांनिधिम् ॥

श्रीमते रामानुजाय नमः

श्रीमन्महामुनिश्रीयामुनाचार्यप्रणीतम्

आलवन्दारस्तोत्ररत्नम्

(सटीकम्)

卐

भाष्यकार श्रीरामानुजाचार्य द्वारा श्रीयामुनाचार्य स्वामीजी की प्रशंसा आरम्भ के तीन श्लोकों में की गयी है।

स्वादयन्निह सर्वेषां त्रय्यन्तार्थं सुदुर्ग्रहम्।
स्तोत्रयामास योगीन्द्रस्तं वन्दे यामुनाह्वयम् ॥१॥

अर्थ—ग्रहण एवं धारण करने में अत्यन्त कठिन वेदत्रयी के अन्तभाग उपनिषद् अर्थात् वेदान्तशास्त्र के अर्थ को इस संसार के जीवों को अति आस्वादन करने योग्य बनाते हुये योगियों में श्रेष्ठ जिन श्रीयामुनाचार्यजी ने इस भगवद् स्तोत्रकी रचना की उन श्रीयामुनाचार्य स्वामी का मैं वन्दन करता हूँ। यह स्वामी जी का तनयन पद्य है ॥१॥

नमो नमो यामुनाय यामुनाय नमो नमः।
नमो नमो यामुनाय यामुनाय नमो नमः ॥२॥

अर्थ—अत्यन्त आदर एवं भक्ति होने से श्रीयामुनाचार्य स्वामी जी को बार बार साष्टांग प्रणाम है ॥२॥

नमो यामुनपादाब्जरेणुभिः पावितात्मने ।
विदिताखिलवेद्याय गुरवे विदितात्मने ॥३॥

अर्थ—श्रीयामुनाचार्य स्वामी जी के चरण कमलों की रज से पवित्र आत्मा, सम्पूर्ण यथार्थ ज्ञान के जानकार आत्म साक्षात्कार करने वाले मेरे गुरु जी (श्रीमहापूर्ण स्वामी जी) को नमस्कार है। इस पद्य से श्रीरामानुजाचार्य स्वामी द्वारा अपने गुरुदेव श्रीमहापूर्ण स्वामी की स्तुति की गई है ॥३॥

इस पद्यमें श्रीनाथमुनि स्वामीकी ज्ञान वैराग्य भक्तिका वर्णन है।

नमोऽचिन्त्याद्भुताक्लिष्टज्ञानवैराग्यराशये ।
नाथाय मुनयेऽगाधभगवद्भक्तिसिन्धवे ॥४॥

अर्थ—चिंतना करने में अशक्य, अत्याश्चर्यमय एवं बिना क्लेश से (भगवान एवं श्रीशठकोपस्वामी की कृपा से) प्राप्त ज्ञान, वैराग्य के साकार राशि एवं भगवद् भक्ति के समुद्र श्रीनाथमुनि स्वामी जी के लिये हमारी नमस्कार है।

उपर्युक्त पद्य से श्रीयामुनाचार्यजी ने अपने परम गुरु श्रीनाथमुनि स्वामी जी को प्रणाम की है ॥४॥

श्रीनाथमुनि स्वामी जी के ज्ञान, भक्ति का वर्णन है।

तस्मै नमो मधुजिदङ्घ्रिसरोजतत्त्व-
ज्ञानानुरागमहिमातिशयान्तसीम्ने ।
नाथाय नाथमुनयेऽत्र परत्र चापि
नित्यं यदीयचरणौ शरणं मदीयम् ॥५॥

अर्थ—इस संसार एवं परमपद में सदैव के लिये जिन श्रीनाथ-मुनि स्वामी जी के दोनों चरण कमल मेरे शरण्य हैं। उन मधुदैत्य के मारने वाले भगवान मधुसूदन के कमल सदृश चरणों के यथार्थज्ञान तथा प्रेमाधिक्यातिशय की चरम सीमा रूप मेरे स्वामी श्रीनाथ मुनि जी के लिये बारम्बार प्रणाम है ॥५॥

वसंतलिका छन्द

श्रीनाथ मुनि जी के लिये पुनः नमस्कार।

भूयो नमोऽपरिमिताच्युतभक्तितत्व-
ज्ञानामृताब्धिपरिवाहशुभैर्वचोभिः ।
लोकेऽवतीर्णपरमार्थसमग्रभक्ति-
योगाय नाथमुनये यमिनां वराय ।६॥

अर्थ—सीमातीत, अगाध भगवान् के प्रति भक्ति एवं तत्व ज्ञान रूपी अमृत सागर के प्रवाह के समान माङ्गलिक दिव्य बचनों से इस संसार में प्रवर्तित किया है परम पुरुषार्थ रूप परिपूर्ण भक्ति योग जिन्होंने ऐसे योगियों में श्रेष्ठ श्रीनाथमुनि स्वामी जी को फिर से बार बार नमस्कार करता हूँ ॥६॥

श्रीपराशर महर्षि की वन्दना—

तत्वेन यश्चिदचिदीश्वरतत्स्वभाव-
भोगापवर्गतदुपायगतीरुदारः ।
सन्दर्शयन्निरमिमीत पुराणरत्नं
तस्मै नमो मुनिवराय पराशराय ॥७॥

अर्थ—उदार स्वभाव जिन महर्षि श्रेष्ठ ने चेतन, अचेतन और

ईश्वर तथा उनके स्वभाव, विषयों का अनुभव, मोक्ष एवं इन सब
प्राप्त करने के उपाय तथा मरणोपरान्त प्राणी के जाने का मार्ग उन
अवस्थाएँ आदि सब बातों को यथार्थ रूप से दिखाते हुये पुराणों
रत्न जिस विष्णुपुराण को रचा ऐसे मुनियों में अग्रगण्य श्रीपराश
महर्षि को हमारा सादर नमस्कार है ।।७।।

सहस्रगीतिकर्ता प्रपन्नजनकूटस्थ श्रीशठकोपमुनि की वन्दना--

माता पिता युवतयस्तनया विभूति-
स्सर्वं यदेव नियमेन मदन्वयानाम् ।
आद्यस्य नः कुशलपतेर्वकुलाभिरामं
श्रीमत्तदङ्घ्रियुगलं प्रणमामि मूर्ध्ना ।।८।।

अर्थ--श्रीयामुनाचार्य स्वामी कहते हैं कि मेरे वंशधरों अथ
सम्बन्ध वालों को श्रीशठकोपस्वामी जी के युगल चरण कमल ही सर्व
के लिये माता, पिता, स्त्री, पुत्र, ऐश्वर्य आदि सब कुछ हैं अर्था
सम्पूर्ण अभीष्ट प्रदाता हैं । ऐसे हमारे श्रीवैष्णवों के कुल के आद्य अ
एव 'प्रपन्नजनकूटस्थ' मौलश्री के पुष्पों से शोभित श्रीशठकोप स्वा
जी के देदीप्यमान प्रसिद्ध युगल चरणों को शिर से प्रणाम करता हूँ ।

(श्रीशठकोप स्वामी जी श्रीपराशर महर्षि से विशेष उपकृ
हुये । इन्होंने सहस्रगीति आदि चार दिव्य प्रबन्धों को रचा, श्रीना
मुनि स्वामी को योगदशा में सम्पूर्ण तत्वार्थ, ज्ञातव्य विषयोंका उपदे
करके उनके गुरु बने, गुरु परम्परा में भगवान् के बाद आपका
स्थान है अतएव आप भगवच्चरण स्वरूप ही हैं अतएव सभी श्रीवैष्ण
के पूज्य एवं स्मरणीय वन्दनीय होने से 'प्रपन्नजनकूटस्थ' भी अ
हैं ।)

श्रीभगवच्चरण वन्दना

यन्मूर्ध्नि मे श्रुतिशिरस्सु च भाति यस्मि-
न्नस्मन्मनोरथपथस्सकलस्समेति ।
स्तोष्यामि नः कुलधनं कुलदैवतं तत्,
पादारविन्दमरविन्दविलोचनस्य ॥९॥

अर्थ—भगवान के श्रीचरण कमल मेरे तथा वेदों के शिरोभाग पर शोभायमान हैं, अर्थात् भगवान अपने वात्सल्य गुण के वश हो भक्तों के शिर को अपने चरण कमलों से शोभित करते हैं। जिन भगवतपादारविन्दों में हमारी सम्पूर्ण अभिलाषाओं का प्रवाह निहित है। अर्थात् भक्तों के लिये वे ही परमपुरुषार्थ हैं।

वे प्रभुपादारविन्द ही हमारे लिये परम्परा से प्राप्त पैतृकधन और हमारे कुल के आराध्यदेव अतएव अवश्य सेवनीय, स्वयं फल-स्वरूप हैं। ऐसे कमलदललोचन भगवान के कमल सदृश सुकोमल युगल चरण की स्तुति करता हूँ ॥९॥

भगवत्स्तुति के लिये प्रवृत्त संकोच पर स्वयं को धिक्कारते हैं।

तत्वेन यस्य महिमार्णवशीकराणुः-
शक्यो न मातुमपि शर्वपिता महाद्यैः ।
कर्तुं तदीयमहिमस्तुतिमुद्यताय
मह्यं नमोऽस्तु कवये निरपत्रपाय ॥१०॥

अर्थ—वेद प्रतिपाद्य अतएव प्रसिद्ध भगवान की महिमा रूपी समुद्र के कणों का भी एक अति स्वल्प भाग शिव, ब्रह्मा जी आदिकों से भी यथार्थ रूप से जाना नहीं जा सकता है ऐसे महान् महिमामय

उन भगवान के वैभव को वखान करने के लिये उद्यत अल्पज्ञ ने
निर्लज्ज मुझको नमस्कार हो, अर्थात् मुझे धिक्कार ही है ।।१०।।

भगवदनुग्रह प्राप्तकर पुनः स्तुति करते हैं—

यद्वा श्रमावधि यथामति वाप्यशक्तः-
स्तौम्येवमेव खलुतेऽपि सदा स्तुवन्तः ।
वेदाश्चतुर्मुखमुखाश्च महार्णवान्तः
को मज्जतोरणुकुलाचलयोर्विशेषः ? ।।११।।

अर्थ—विकल्प से पुनः कहते हैं कि हे प्रभो ! शक्तिहीन होने
भी मैं पूर्ण शान्त क्लान्त हो जाने तक अथवा अपनी बुद्धि के अनुस
आपकी स्तुति करूँगा । सदा स्तुति में तत्पर रहने वाले चारों वे
ब्रह्मा जी आदिक भी इसी प्रकार से यथामति ही तो स्तुति करते है
तब अगाध और महान् सागर में एक छोटे से भाग में डूब जाने व
एक अणु और विशाल पर्वत में अन्तर ही क्या है ? अर्थात् जब
आदिक भगवान की महान् महिमा का वर्णन यथार्थ रूप से सर्व
नहीं कर पाते तब मैं तो अज्ञहूँ । दोनों का अन्तर समान रहा अतः
भी यथामति आपकी स्तुति करता हूँ ।।११।।

श्रीभगवत्सन्निधि में विज्ञापन—

किञ्चैष शक्त्यतिशयेन न तेऽनुकम्प्य-
स्तोतापि तु स्तुतिकृतेन परिश्रमेण ।
तत्र श्रमस्तु सुलभो मम मन्दबुद्धे-
रित्युद्यमोऽयमुचितो मम चाब्जनेत्र ! ।।१२।।

अर्थ—अथवा यह स्तुति करने वाला मैं अपने अन्दर आप
गुणगान एवं महिमा की यथार्थ वर्णन करने की शक्ति के आधिक्य

ज्ञ ने के कारण आपकी दया का पात्र वनने की योग्यता नहीं रखता हूँ।
वल्कि आपकी महिमा का वखान करने में होने वाले परिश्रमसे
ापकी कृपा का पात्र बनूंगा।

हे कमलनयन प्रभो ! आपकी प्रार्थना करने में मुझ मन्दबुद्धि
ो अतिशीघ्र परिश्रम हो जायेगा अतएव मेरे द्वारा आपकी स्तुति करना
मुचित ही है। मेरी अशक्ति एवं प्रार्थना करते समय होने वाले श्रम
न्य दयनीय दशा को देखकर आप मेरे ऊपर शीघ्र प्रसन्न हो जायेंगे
तः मेरा स्तुति करना ही आपकी प्रसन्नता का सुलभ मार्ग है ॥१२॥

आश्रितवात्सल्य एवं सर्वभूत सुहृदता का वर्णन—

नावेक्षसे यदि ततो भुवनान्यमूनि
नालं प्रभो ! भवितुमेव कुतः प्रवृत्तिः ।
एवं निसर्ग सुहृदि त्वयि सर्वजन्तोः
स्वामिन्न चित्रमिदमाश्रितवत्सलत्वम् ॥१३॥

अर्थ—हे प्रभो ! सृष्टि के पहिले अचेतन रूप में पड़े इन जीवों
ो यदि आप अपने निर्हेतुक कृपा कटाक्ष से अबलोकन नहीं करते तो
 सब लोक उत्पन्न ही कैसे हो सकते थे। जब उत्पन्न ही न होते तो
इनमें स्थिति, प्रवृत्ति, निवृत्ति भी कैसे संभव थी अर्थात् सर्वथा असंभव
ी। इससे ज्ञात होता है कि जीव को शरीर और इन्द्रियाँ तथा उनसे
ानाविध भोग मोक्षोपयोगी कर्म करने की शक्ति भी भगवत्कृपा
टाक्षसे ही प्राप्त होती है। हे स्वामिन् ! इस तरहसे आप सब प्राणियों
ा स्वाभाविक रूपसे कल्याण चाहने वाले हो। आपमें अपने आश्रितों
के प्रति यह वात्सल्य भाव नाम के गुण आश्चर्यकारक नहीं है।
वआश्रित वात्सल्य गुण तो आप में स्वभाव सिद्ध है ॥१३॥

अब परतत्व निर्णय का उपक्रम करते हैं—

स्वाभाविकानवधिकातिशयेशितृत्वं
नारायण ! त्वयि न मृष्यति वैदिकः कः ।
ब्रह्मा शिवश्शतमखः परमस्वराडि-
त्येतेऽपि यस्य महिमार्णवविप्रुषस्ते ॥१४॥

अर्थ—समस्त चेतनों के आश्रय हे नारायण ! ब्रह्मा, शि इन्द्र एवं मुक्त जीव ये सब आपकी महिमा रूपी सागर के कण मा हैं। ऐसे महा महिमामय आपके विषय में स्वभावसिद्ध तथा सीमाती अतिशय ऐश्वर्यको कौन वैदिक (वेदको प्रमाण मानने वाला आस्तिव न मानेगा ? अर्थात् जो व्यक्ति आपके स्वाभाविक निःसीम अतिश स्वामित्व को न माने वह आस्तिक ही नहीं है ॥१४॥

नारायण ही परतत्व हैं—

कश्श्रीः श्रियः परमसत्वसमाश्रयः कः
कः पुण्डरीकनयनः पुरुषोत्तमः कः ।
कस्यायुतायुतशतैककलांशकांशे
विश्वं विचित्रचिदचित्प्रविभागवृत्तम् ॥१५॥

अर्थ—श्रीलक्ष्मी जी की भी श्री अर्थात् शोभा, आश्रयणी कौन है ? रजोगुण और तमोगुण से असंपृक्त शुद्ध सत्व गुण का आश्र कौन है ? कमल के सदृश विशाल एवं मनोहर नेत्रों वाला कौन है किसके हजारों करोड़ों भागों के एक भाग के भी अत्यल्प भाग अर्थात् किनके महान् श्रीविग्रह के एक एक रोंये के छिद्र में असंख ब्रह्माण्ड लटके हुये हैं। इन ब्रह्माण्डों में भी देव, मनुष्य तिर्यक् स्थाव

उनके अनुरूप ज्ञान क्रिया इसी प्रकार अचेतन वर्ग भी भोग्य, भोगो-पकरण भोगस्थान रूप विविध विचित्रता को लिये हुये है ? इस समस्त वैचित्र्य का आश्रय कौन है ? इन प्रश्नों का एक मात्र उत्तर है कि हे नारायण आप में ही ये सब लक्षण घट रहे हैं अतएव आप ही परतत्व पर देवता हैं। अन्य नहीं है ।।१५।।

अब पुराणोक्तरीत्या भगवान का परतत्व वर्णन करते हैं।

वेदापहारगुरुपातकदैत्यपीडा-
द्यापद्विमोचनमहिष्ठफलप्रदानैः ।
कोऽन्यः प्रजापशुपती परिपाति कस्य
पादोदकेन स शिवस्स्वशिरोधृतेन ।।१६।।

अर्थ—वेदों को चुराना, ब्रह्महत्या रूप महान् पातक दैत्यों से उत्पन्न पीडा आदिक आपत्तियों से मुक्त करने एवं यथेष्ट श्रेष्ठ फलों के प्रदान करने से आपके सिवाय कौन दूसरा है जो ब्रह्मा जी और शिव जी की रक्षा एवं पालन करता है ? वह प्रसिद्ध शिवजी भी अपने मस्तक पर किसके चरण प्रक्षालितजल को धारण कर विशुद्ध मंगल-मय हुये हैं ? अर्थात् ऐसे नारायण ही हैं अतएव वही परतत्व है।

विशेष—परतत्व में ब्रह्मा और शिव के पक्षपाती उन्हें भी पर-देवता कहते हैं लेकिन कसौटी पर ये परतत्व नहीं ठहरते कारण रक्ष्य से रक्षक श्रेष्ठ होता है। ब्रह्मा, शिव की नारायण ने रक्षा की अतएव नारायण ही परदेवता हैं।

वेदापहार—भगवान से वेदों का उपदेश पाकर ब्रह्मा जी सृष्टि की रचना करते थे। एक वार मधु और कैरभ नामक दैत्य वेदों को चुराकर समुद्र के तल में जाछिपे। ब्रह्मा जी बड़े दुखी हुये। रोते हुये भगवान के पास आये। भगवान ने हयग्रीव रूप धारण कर उन दैत्यों

का वध किया और वेदों को लाकर पुनः ब्रह्माजी को उपदेश कि
इस प्रकार ब्रह्मा जी को संकट से बचाया।

गुरुपातक—पहले ब्रह्मा और शिव दोनों के पाँच मुख थे
शिवजी ने अपने नख से ब्रह्मा जी का एक सिर काट लिया। शि
को ब्रह्महत्या लग गई। पिता जी का शिरःकपाल शिवजी के ह
चिपक गया, छूटे ही नहीं। तब देवर्षियों ने कहा कि आप इस
में भीख मांगिये,जब यह भर जायगा तब यह स्वयं गिर जायगा।
जी ने वैसा ही किया। बहुत दिन हो गये कपाल न भरे न गिरे।
जी बड़े दुःखी घूमते घामते बदरीनाथ धाम पहुँच गये भगवान से
वृत्तान्त कहा भगवान ने भीख में वह कपाल भर दिया, कपाल
गिर पड़ा जिसका एक अंश आज भी वहाँ है, जिस पर लोग
पितरोंको पिण्ड प्रदान करते हैं। इस प्रकार गुरु यानी पिता व अन्त
के प्रति किये पाप के प्रति संकेत करता है 'गुरुपातक' शब्द।

दैत्य पीडा—एक वार शिव जी का अन्धक नाम असुर से
हुआ। शिव जी के शस्त्रों से अन्धक के शरीर से जो भी रक्तप
गिरे उससे एक और असुर बन जाय। इस प्रकार रण भूमि अन्
असुरों से भर गयी। शिव जी बड़े परेशान हुये। अन्त में वे नार
की शरण में गये। भगवान ने शुष्क रेवती नामक एक देवता को
दिया उसने उन अन्धकों के शरीर से निकलने वाले रक्त बिन्दुओं
पी लिया। इससे असुरों की सृष्टि बन्द हो गई और अन्धक क
आसानी से हो गया।

वृकासुर यानी भस्मासुर की भी ऐसी ही कहानी है। वृका
तप करके शिव जी को प्रसन्न कर वर प्राप्त किया कि 'मैं
शिर पर हाथ रखूँ वह तत्काल जल जाये, उस दैत्य ने शिव
ऊपर हाथ रखना चाहा। दुःखी शिवजी भगे वहाँ से और नाराय
शरण ली। भगवान वहीं प्रकट हुये और अपने मीठे वचनों

र का हाथ स्वयं उसी के मस्तक पर रखवाया जिससे वह स्वयं
मि हो गया और शिव जी की रक्षा हो गई ।।१६।।

पूर्वोक्त अर्थ को ही प्रकारान्तर से कहते हैं—

कस्योदरे हरविरिञ्चिमुखः प्रपञ्चः
को रक्षतीममजनिष्ट च कस्य नाभे ।
क्रान्त्वा निगीर्य पुनरुद्गिरति त्वदन्यः
कः केन चैष परवानिति शक्यशङ्कः ।।१७।।

अर्थ—शिव जी, ब्रह्मा जी आदिक चेतनों सहित समस्त जड
पालनात्मक विश्व प्रलयावस्था में किसके पेट में समा जाता है ? (प्रल-
यकाल में समस्त कार्य पदार्थ अपने कारण में लीन होते चले जाते हैं
अन्त में एक मात्र सर्व कारण कारण भगवान ही मात्र शेष रह जाते
) उस समय शिव, ब्रह्मा आदि का नाम भी नहीं रहता है। इस
र विचित्र सृष्टि की रक्षा कौन करता है ? किसकी नाभि से यह सृष्टि
क्तपञ्च उत्पन्न हुआ है ? हे नारायण आप से अन्य ऐसा कौन है जो
एक ही समय में इस विश्व को नापकर निगलकर पुनः उसको बाहर
निकाल दे। यह विश्व प्रपञ्च आपके सिवा दूसरे किस से परतन्त्र या
कोनाथ करके शङ्का करने लायक हो सकता है अर्थात् अन्य से नहीं
केवल नारायण से ही विश्व सनाथ है ।।१७।।

त्वां शीलरूपचरितैः परमप्रकृष्ट-
सत्त्वेन सात्विकतया प्रबलैश्च शास्त्रैः ।
प्रख्यातदैवपरमार्थविदां मतैश्च
नैवासुरप्रकृतयः प्रभवन्ति बोद्धुम् ।।१८।।

अर्थ—हे भगवन् ! आपके शील आदिक कल्याण गुणों के सम्प्र-
दाय, आपका अप्राकृतिक दिव्यमङ्गलविग्रह, अतिमानुषचरित्र, परा-
श्रेष्ठ शुद्ध सत्वादि गुणों की आश्रयता अकाट्य अतएव प्रबल शास्त्र
एवं प्रसिद्ध भगवत् तत्व को ठीक ठीक प्रकार से जानने वाले महा-
त्माओं तथा उनके सिद्धान्तों आदि साधनों के रहते हुये भी असुर
प्रकृति वाले नास्तिक जन आपको यथार्थ रूप से या आंशिक रूप
भी जानने में समर्थ नहीं हो पाते हैं ॥१८॥

दुर्ज्ञेय परतत्व के अन्वेषण में व्यर्थ समय क्यों लगाया जाय
शंका का समाधान करते हैं।

उल्लङ्घितत्रिविधसीमसमातिशायि-
सम्भावनं तव परिब्रढिमस्वभावम् ।
मायाबलेन भवताऽपि निगूह्यमानं
पश्यन्ति केचिदनिशं त्वदनन्यभावाः ॥१९॥

अर्थ—देश, काल, वस्तु इन तीन सीमाओं को उल्लङ्घन क
वाले अर्थात् एक ही काल में प्रभु सम्पूर्ण देशों में रहते है। अन्य व
जिस काल में होगी उससे अन्य काल में न होगी लेकिन ईश्वर
काल में समान रूप से रहते हैं। प्रत्येक वस्तु एक समय में वही व
रहती है दूसरी नहीं हो जाती लेकिन ईश्वर सम्पूर्ण वस्तुओं में वि
मान है इसलिये सम्पूर्ण वस्तु स्वरूप है, इसलिये वह त्रिविध, व
परिच्छेद से रहित है।

ईश्वर के समान अन्य नहीं और ईश्वर से अधिक नहीं अ
इन दोनों संभावनाओं से रहित है। आपके परत्व स्वरूप को माया
बल से आप के द्वारा छिपा लिये जाने पर भी देवतान्तर, उपाया

अथवा फलान्तर में अपने चित्त को न लगाकर केवल आप में ही चित्त लगाने वाले कोई कोई महात्मा लोग सदैव देखते हैं ॥१९॥

भगवान के सर्वेश्वरत्व का वर्णन करते है—

वंशस्थ छन्दः—

यदण्डमण्डान्तरगोचरं च यद्-
दशोत्तराण्यावरणानि यानि च ।
गुणाः प्रधानं पुरुषः परं पदं
परात्परं ब्रह्म च ते विभूतयः ॥२०॥

अर्थ – सात लोक नीचे और सात लोक ऊपर दोनों को मिला कर एक ब्रह्माण्ड होता है। ऐसे असंख्य ब्रह्माण्ड, उनमें रहने वाले अधिकारी तथा देव, मनुष्य, तिर्यक्, आदिक प्राणि-समूह उनके भोग्य, भोगोपकरण भोगस्थान रूप प्राकृत वस्तुएँ, तथा उन अण्डों के बाहर दस दस गुने अधिक विस्तृत कोट वाले आवरण (जल, तेज, वायु आकाश, अहंकार, महत्तत्व एवं अव्यक्त) से सब तथा सत्व रज तम तीन गुण, इन गुणों की आश्रय प्रकृति एवं जीवात्म वर्ग तथा परमपद श्रीवैकुण्ठलोक इनमें अचेतन से श्रेष्ठ जीवात्मवर्ग है, उनसे भी श्रेष्ठ मुक्तात्मवर्ग या नित्यसूरि वर्ग है और उनसे भी श्रेष्ठ आपका दिव्य-मंगलविग्रह यह सब आपकी ही तो विभूति हैं, आपका ही तो ऐश्वर्य है और आप इन सबके मालिक हैं, अतएव आप ही सर्व्वेश्वर हैं। अन्य नहीं ॥२०॥

विभूतियों के समान आपके कल्याणगुण भी अनन्त हैं--

वशी वदान्यो गुणवानृजुः शुचि-
मृदुर्दयालुर्मधुरः स्थिरस्समः ।

कृती कृतज्ञस्त्वमसि स्वभावत-
स्समस्तकल्याणगुणामृतोदधिः ॥२१॥

अर्थ—हे भगवन् आप स्वभाव से ही आश्रितों के परतन्त्र रूप वशी गुण के आश्रय हो, आप परमोदार स्वभाव वाले, सौशील्य गुण वाले, सरल एवं कपट रहित, मन वाणी शरीर से विशुद्ध कोमल स्वभाव, दया गुण से युक्त मधुर स्वभाव, किसी से विचलित न होने वाले स्थिर, भेद भाव रहित हो सबसे समान भाव से मिलने वाले उपकार करने वाले, आश्रितों के द्वारा की गई स्वल्प सेवा को स्मरण रखने वाले आदिक अनन्त समस्त कल्याण गुण रूपी अमृत के महान् सागर हैं ॥२१॥

भगवान के अनन्त गुणों में प्रत्येक गुण भी अनन्तता लिये है।

उपर्युपर्यब्जभुवोऽपि पूरुषान्
प्रकल्प्य ते ये शतमित्यनुक्रमात् ।
गिरस्त्वदेकैकगुणावधीप्सया
सदा स्थिता नोद्यमतोऽतिशेरते ॥२२॥

अर्थ—वेदों की वाणी एक के बाद दूसरा, दूसरे के बाद तीसरा इस क्रम से ऊपर बढ़ते हुये कमल से उत्पन्न चतुर्मुख ब्रह्मा पर्यन्त को भी मनुष्य कोटि में बता कर आपके एक एक गुण की सीमा निर्धारित करने की इच्छा से वे वेदवाक्य 'ते ये शतम्' इत्यादि आनन्दवल्ली उपनिषद् के वाक्यानुसार कहते हुये एक सर्वविध सम्पन्न मनुष्य के आनन्द से सौगुण अधिक मनुष्य गन्धर्व का आनन्द उससे भी सौ गुण अधिक देव गन्धर्व का आनन्द इस प्रकार पितृ, देव, देवेन्द्र, बृहस्पति प्रजापति (ब्रह्मा) का आनन्द माना गया है फिर भी ब्रह्मानन्द का

खोज न हो सकी। ब्रह्मानन्द तो मन वाणी से परे होने से अवाङ्मनस अगोचर ही रहा गया और केवल आनन्द गुण ही नहीं सम्पूर्ण गुण विभूतियाँ ऐसी ही हैं। इस प्रकार वेद वाक्य आपके गुणों की सीमा का बखान करने की इच्छा से सदा तत्पर रहते हुये भी हे भगवन् आप के गुणों की प्रारम्भिक दशा के वर्णन से आगे नहीं बढ़ पाते हैं ॥२२॥

किं पुनर्न्याय से आपकी महामहिमा का ही वर्णन करते हैं।

त्वदाश्रितानां जगदुद्भवस्थिति-
प्रणाशसंसारविमोचनादयः ।
भवन्ति लीलाविधयश्च वैदिका-
स्त्वदीयगम्भीरमनोऽनुसारिणः ॥२३॥

अर्थ—हे भगवन् ! संसार की सृष्टि करना उसकी रक्षा करना एवं संहार करना तथा मोक्ष देना आदि सब आपकी लीलाएँ ही हैं और ये लीलाएँ आपके भक्तों के लिये, भक्तजनों के उपयोगार्थ की जाती हैं। वेदों से प्रतिपाद्य विधियाँ भी आपके भक्तों के गम्भीर (गहरे) मन के अनुसरण करने वाली होती हैं ॥२३॥

महामहिमामय प्रभु को नमस्कार किया जाता है

नमो नमो वाङ्मनसातिभूमये
नमो नमो वाङ्मनसैकभूमये ।
नमो नमोऽनन्तमहाविभूतये
नमो नमोऽनन्तदयैकसिन्धवे ॥२४॥

अर्थ—मुक्त जीवों के भी मन वाणी से प्रत्यक्ष न होने वाले आपके लिये बारम्वार नमस्कार है। अनन्य भक्तों की मन वाणी से

ही गोचर होने वाले आपके लिये पुनः बारम्बार प्रणाम है ! सीमा
महान् ऐश्वर्य वाले ईश्वर के लिये बारम्बार नमस्कार है। अ
दया के एकमात्र सागर आपके लिये हमारा नमस्कार है ॥२४॥

अब सांग शरणागति की जाती है—

उपजाति छन्दः—

न धर्मनिष्ठोऽस्मि न चात्मवेदी
न भक्तिमांस्त्वच्चरणारविन्दे ।
अकिञ्चनोऽनन्यगतिश्शरण्यः
त्वत्पादमूलं शरणं प्रपद्ये ॥२५॥

अर्थ—हेसब जड़ चेतनों की रक्षा करने वाले प्रभो ! मैं ध
निष्ठावान नहीं हूँ और आत्मज्ञानी भी नहीं हूँ। आपके चरणकम
पूर्ण एवं अनन्य भक्ति भाव वाला भी मैं नहीं हूँ। इस प्रकार मैं
प्रकार के मोक्ष साधनों से शून्य अतएव अकिंचन हूँ। दूसरा भी
मेरी रक्षा करने वाला नहीं है अतएव मैं अनन्यगति हूँ अतएव
श्रीचरणकमलों के मूल में ही शरण ग्रहण करता हूँ ॥२५॥

जीव अपने पापों को स्मरण कर भगवत्सन्निधि में केवल रों रहा

न निन्दितं कर्म तदस्ति लोके
सहस्रशो यन्न मया व्यधायि ।
सोऽहं विपाकावसरे मुकुन्द
क्रन्दामि सम्प्रत्यगतिस्तवाग्रे ॥२६॥

अर्थ—हे भोग और मोक्ष के प्रदान करने वाले मुकुन्द !

ौर शिष्टजनों के द्वारा निन्दित ऐसे पाप कर्म कौन से हैं जो मैंने इस सार में हजारों बार नहीं किये हैं। ऐसे भयंकर महान् पापों को रने वाला मैं अब जब वे पाप पककर फल देने की अवस्थामें पहुँच गये तब मैं अपने दुःखों से रक्षा हेतु अन्य रक्षक को न पा आपके सामने रहा हूँ ॥२६॥

चिरकाल से दुःखों को भोग रहे हो आज क्यों कर रो रहे हो ? सका समाधान करते हैं।

निमज्जतोऽनन्तभवार्णवान्त-
श्चिराय मे कूलमिवासि लब्धः ।
त्वयापि लब्धं भगवन्निदानी-
मनुत्तमं पात्रमिदं दयायाः ॥२७॥

अर्थ—हे अनन्त गुण विभूति वाले प्रभो ! मैं इस संसार रूपी मुद्र के अन्दर डूब रहा हूँ इस प्रकार डूबते हुये मुझ को बहुत दिनों बाद किनारे की तरह आप मिले हो। हे भगवन् ! आप समग्रज्ञान ल ऐश्वर्य शक्ति आदि से युक्त हो, ऐसे आपको भी मैं आपकी दया श्रेष्ठ पात्र अब मिल गया हूँ। हे नाथ ! अब मुझ जैसा उत्तम दया पात्र अन्यत्र आपको कहाँ मिलेगा इसलिये इस पापी पर अपनी या दृष्टि कर ही दीजिये ॥२६॥

इसी क्षण मुझे स्वीकार क्यों नहीं करते नाथ ! इसका समाधान रते हैं—

अभूतपूर्वं मम भावि किं वा
सर्वं सहे मे सहजं हि दुःखम् ।

किन्तु त्वदग्रे शरणागतानां
पराभवो नाथ न तेऽनुरूपः ॥२८॥

अर्थ—हे नाथ! मुझे अभी तक न मिला हो ऐसा कौ दुःख है अर्थात् सब प्रकार के सम्पूर्ण दुःखों को मैंने भोगा है। दु तो मेरा सह जन्मा है अर्थात् जब से मैं तब से दुःख मेरे साथ लग अतः सब प्रकारके दुःखों को सहन कर ही रहा हूँ, लेकिन आपके शु आपकी शरण में आने वाले दुखियों का दुःख दूर न हो शरणागत अपमान आपके लिये शोभा नहीं देता प्रभो! ॥२८॥

अनन्यगति होने से पुनः अपनाने की प्रार्थना—

वंशस्थ छन्द—

निरासकस्यापि न तावदुत्सहे
महेश हातुं तव पादपङ्कजम्।
रुषा निरस्तोऽपि शिशुस्स्तनन्धयो
न जातु मातुश्चरणौ जिहासति ॥२९॥

अर्थ—हेमहेश! हे सर्व्वेश्वर! आप मुझे भले ही दुद और अपने से दूर हटा दें लेकिन मैं आपके चरणकमलों को में किसी भी प्रकार समर्थ नहीं हो सकता हूँ नाथ!

दुधमुहा बच्चा माता के द्वारा क्रोध के कारण दूर हटा जाने पर भी अपनी जननी के चरणों को कभी भी त्यागना नहीं है। अनन्यगति जो ठहरा। वैसा ही मैं हूँ प्रभो! ॥२९॥

प्रपन्न को भगवत् पादारविन्द ही अनन्यगति अतएव अपरित्याज

तवामृतस्यन्दिनि पादपङ्कजे
निवेशितात्मा कथमन्यदिच्छति।

स्थितेऽरविन्दे मकरन्दनिर्भरे
मधुव्रतो नेक्षुरकं हि वीक्षते ॥३०॥

अर्थ—हे प्रभो ! अमृत रस को प्रवाहित करने वाले आपके रणकमलों में प्रविष्ट मन वाले लोग अन्य किसी वस्तुको कैसे चाहेंगे ? क भी है मकरन्द रस से भरे हुये कमल के रहते हुये केवल उसके ु रस पर जीवन व्यतीत करने वाला भ्रमर गन्ने के अल्प रस को ागपा दाख छुहारों को) निश्चय ही नहीं देखेगा ॥३०॥

भगवत्प्राप्ति का सरलतम उपाय—

त्वदङ्घ्रिमुद्दिश्य कदापि केनचि-
द्यथा तथावाऽपि सकृत्कृतोऽञ्जलिः ।
तदैव मुष्णात्यशुभान्यशेषत-
श्शुभानि पुष्णाति न जातु हीयते ॥३१॥

अर्थ—हे श्रीमन्नारायण ! आपके चरणकमलों को उद्देश्यकर भी भी किसी समय किसी के द्वारा जैसे तैसे भी एक ही वार की ई अंजलि (हाथ जोड़ना) तत्काल पापों का सम्पूर्ण रूप से विनाश र देती है और शुभ अर्थात् इस लोक में सर्वविध कल्याण और पर-ोक में परमपद का सम्पूर्ण ऐश्वर्य दे देती है । वह अंजलि कभी नष्ट हीं होती अर्थात् परमपद में जीव भगवद् दर्शनों से विभोर होकर दैव नमो नमः कहते हुये हाथ जोड़े रहे, बस भगवत् प्राप्ति का सबसे रलतम उपाय अंजलि मुद्रा ही है ॥३१॥

भगवच्चरणों में प्रेम का वैभव प्रतिपादन करते हैं—

उदीर्णसंसारदवाशुशुक्षणिं
क्षणेन निर्वाप्य परां च निर्वृतिम् ।

प्रयच्छति त्वच्चरणरुणाम्बुज-
द्वयानुरागामृतसिन्धुशीकरः ॥३२॥

अर्थ—हे नाथ ! आपके लाल-लाल युगल चरणारविन्दो
प्रति किये जाने वाले प्रेमरूपी अमृत समुद्र का एक विन्दु बढ़तीगव
संसाररूपी अग्नि को क्षणमात्र में बुझाकर शान्त कर देता है, साथज
परा शान्ति अर्थात् मोक्ष सुख को भी भक्तों को प्रदान कर देता ब
यह है आपके चरणों में किये जाने वाले प्रेम की अपार महिमा ॥३

अब भगवद्दर्शन एवं उनकी नित्य सेवा की तीव्र लालसा का वर्थं
सत्रह श्लोकों से करते हैं—

विलासविक्रान्तपरावरालयं
नमस्यदार्तिक्षपणे कृतक्षणम् ।
धनं मदीयं तव पादपङ्कजं
कदा नु साक्षात्करवाणि चक्षुषा ॥३३॥

अर्थ—भगवान ने अपनी लीला मात्र से ब्रह्मादि देवताओंह
ब्रह्मलोक आदि को और नीचे के मनुष्य लोक आदिकों को अनेभ
करके जिन अपने चरणों से नाप लिया था। इससे भगवान ने अ
सौलभ्य गुण का प्रकाश किया। तथा जिन आपके चरणों में नमस्
करने वालों के दुःख को दूर करने में सदा सावधान और मेरे
आपके चरणकमलों का मैं अपने नेत्रोंसे कब दर्शन करूँगा प्रभो ॥३

कदा पुनश्शङ्खरथाङ्गकल्पक-
ध्वजारविन्दाङ्कुशवज्रलाञ्छनम् ।

त्रिविक्रम ! त्वच्चरणाम्बुजद्वयं
मदीयमूर्धानमलङ्करिष्यति ॥३४॥

अर्थ—हे त्रिविक्रम ! तीनपग में तीन लोकों को नापने वाले भगवन् ! आपके चरणकमलों की जोड़ी जिसमें शंख, चक्र, कल्पवृक्ष, ध्वजा, कमल, अंकुश, वज्र आदिक चिह्न विराजमान है मेरे शिर को कब सुशोभित करेगी ? ॥३४॥

अब 'कुलक' के द्वारा महावैभवशाली प्रभु की नित्यसेवा की प्रार्थना करते हैं।

विराजमालोज्ज्वलपीतवाससं
स्मितातसीसूनसमामलच्छविम् ।
निमग्ननाभिं तनुमध्यमुल्लस-
द्विशालवक्षःस्थलशोभिलक्षणम् ॥३५॥

अर्थ—भगवान के वक्ष पर शोभित उज्वल दिव्य पीताम्बर से शोभायमान, विकसित अलसी के पुष्प के समान निर्मल कान्ति वाले, गहरी नाभिवाले, पतले मध्यभाग वाले, ऊँचे और विस्तृत छाती से शोभायमान अर्थात् श्रीवत्सचिह्न से युक्त वक्षवाले ॥३५॥

भगवान की भुजाओं का अनुभव करते हैं—

चकासतं ज्याकिणकर्कशैः शुभै-
श्चतुर्भिराजानुविलम्बिभिर्भुजैः ।
प्रियावतंसोत्पलकर्णभूषणः
श्लथालकाबन्धविमर्दशंसिभिः ॥३६॥

अर्थ—हे प्रभो ! आप घुटनों तक लम्बायमान, धनुर्
प्रत्यञ्चा के घर्षण से बने व्रण से कठोर, अपनी दिव्य पटरानि
कर्णफूल, नीलकमल जैसा कान के आभरण तथा बिखरे हुये घुंघ
अलकावलियों के संमर्द के सूचक, मङ्गलमय चार भुजाओं से शो
हैं ॥३६॥

भगवान के कंठ तथा श्रीमुख का वर्णन—

उदग्रपीनांसविलम्बिकुण्डला-
लकावलीबन्धुरकम्बुकन्धरम् ।
मुखश्रिया न्यक्कृतपूर्णनिर्मला-
मृतांशुबिम्बाम्बुरुहोज्ज्वलश्रियम् ॥३७॥

अर्थ—ऊँचे तथा सुपुष्ट मांसल कंधों तक लटकने वाले क
के कुण्डल एवं घुंघराले केशपाशों से सुशोभित शङ्ख के समान
दार कंठ से युक्त तथा श्रीमुख कमल की शोभा से तिरस्कृत कर
है पूर्ण निर्मल चन्द्रमण्डल तथा कमल के समान उज्वल विका
सम्पन्न मुखमण्डल वाले आपकी ॥३७॥

अब भगवान के नयन, भ्रू, अधरादि अवभवों का वर्णन करते

प्रबुद्धमुग्धाम्बुजचारुलोचनं
सविभ्रमभ्रूलतमुज्वलाधरम् ।
शुचिस्मितं कोमलगण्डमुन्नसं
ललाटपर्यन्तविलम्बितालकम् ॥३८॥

अर्थ—प्रभो ! तुरन्त विकसित नव कमल पुष्प की तरह सु
नेत्र, विलास से युक्त शोभित लता के समान भ्रू (भौंह) वाले,

दिव्य अधर वाले, परिशुद्ध मन्द मुस्कान, कोमल चिक्कण कपोल, उन्नत नासिका एवं ललाट भाग तक लटकने वाले घुंघराली अलकों वाले आप हैं ॥३८॥

भगवान के दिव्य आभूषण एवं आयुधों का वर्णन करते हैं—

स्फुरत्किरीटाङ्गदहारकण्ठिका-
मणीन्द्रकाञ्चीगुणनूपुरादिभिः ।
रथाङ्गशङ्खासिगदाधनुर्वरै-
र्लसत्तुलस्या वनमालयोज्ज्वलम् ॥३९॥

अर्थ—हे नाथ ! दीप्त किरीट मुकुट, बाजूवन्द, हार, कंठा, कौस्तुभमणि करधनी, पायजेव आदिक दिव्य आभूषणों से एवं चक्र, शङ्ख, तलवार, गदा, धनुष, आदि दिव्य आयुधों से तथा शोभायमान तुलसी से युक्त आपाद लटकने वाली वनमाला से प्रकाशमान आप हैं ॥३९॥

श्रीमहालक्ष्मी जी का वर्णन युग्मक से करते हैं—

चकर्थ यस्या भवनं भुजान्तरं
तव प्रियं धाम यदीयजन्मभूः ।
जगत्समस्तं यदपाङ्गसंश्रयं
यदर्थमम्भोधिरमन्थ्यबन्धि च ॥४०॥

अर्थ—हे भगवन् ! आप ने अपने वक्षस्थलको जिनका निवास स्थल बना दिया । जिन श्रीमहालक्ष्मीजी की जन्म भूमि क्षीर समुद्र आपका प्रिय वास स्थान है। सम्पूर्ण विश्व जिनकी कृपाकटाक्ष के आधीन रहता है। जिनको प्राप्त करने के लिये समुद्र का मन्थन किया गया और सेतुबन्धन हुआ ॥४०॥

श्रीमहालक्ष्मीजी का पुनः वर्णन करते हैं—

स्ववैश्वरूप्येण सदाऽनुभूतया-
प्यपूर्ववद्विस्मयमादधानया ।
गुणेन रूपेण विलासचेष्टितै-
स्सदा तवैवोचितया तव श्रिया ॥४१॥

अर्थ—हे नाथ ! आप अपने विश्वरूप अवस्था को तथा पर व्यूह विभवादि अवस्थाओं दिव्य विग्रहों को लेकर लक्ष्मीजी नित्यानुभव करते रहते हैं फिर भी लक्ष्मीजी कभी नीरस नहीं दि देती हैं वल्कि सदैव नित्यनवीन स्वरूपिणी आश्चर्यमयी अनुभूत रहती हैं। वे अपने गुण (ईश्वरशेषत्व, ईश्वरपारतन्त्र्य, कारुण्य) आदि सौन्दर्य, लीला व्यापारादि से सदैव आपके ही ल आपके सर्वस्वभूत, आपके शोभागुण को संवर्धन करने वाली लक्ष्म आपकी परिपूर्ण सहयोगिनी है ॥४१॥

श्रीशेषजी के वर्णन का उपक्रम—

तया सहासीनमनन्तभोगिनि
प्रकृष्टविज्ञानबलैकधामनि ।
फणामणिव्रातमयूखमण्डल-
प्रकाशमानोदरदिव्यधामनि ॥४२॥

अर्थ—पूर्वोक्त वैभव से युक्त श्रीलक्ष्मीजी के साथ श्रेष्ठ ज्ञा बल आदि के एक मात्र आधार और अपने फणों पर रहने मणियों के समूह की कान्ति से प्रकाशित मध्य भाग ऐसे दिव्यधा शेषनाग पर विराजमान हे प्रभो ! आपकी सेवा करता हुआ मैं हर्ष निर्भर होऊँगा ॥४२॥

अब शेषजी का वर्णन करते हैं—

निवासशय्यासनपादुकांशुको-
पधानवर्षातपवारणादिभिः ।
शरीरभेदैस्तव शेषतां गतै-
र्यथोचितं शेष इतीरिते जनैः ॥४३॥

अर्थ—भगवान के निवासयोग्य दिव्य मन्दिर, शयन करने के ये कोमल शय्या, बैठने के लायक दिव्य सिंहासन, चलते समय रों की रक्षा हेतु खडाऊँ, ओढ़ने को दिव्यवस्त्र, तकिया, वर्षा और प बचाने वाला दिव्य छत्र तथा और भी अनेक प्रकार से सेवा के पयुक्त यथोचित रीति से आपके शेषत्व को प्राप्त अर्थात् अपने स्वार्थ बिना दूसरे के लाभ के लिए सेवा तत्पर होना इस प्रकार उन उन व्य शरीरों को प्राप्तकर भगवान की सेवा करने के कारण भक्तजनों द्वारा 'शेष' नाम से पुकारे जाते हैं ॥४३॥

श्रीगरुड़जी का स्मरण करतेहैं—

दासस्सखा वाहनमासनं ध्वजो
यस्ते वितानं व्यजनं त्रयीमयः ।
उपस्थितं तेन पुरो गरुत्मता
त्वदङ्घ्रिसम्मर्दकिणाङ्कशोभिना ॥४४॥

अर्थ—वेदत्रयी रूपी गरुड़जी आपके दास, मित्र, यात्रा के धन वाहन, आसन, ध्वजा, चँदोवा एवं पंखा बन कर सेवा करते । (भगवान के) आश्रितों पर आई हुयी आपत्ति को दूर करने के लिये शीघ्रता वश गरुड़जी के दोनों बगलों को दवाते हैं जिससे उनके

दोनों ओर चिह्न हो गया है। ऐसे गरुड़जी हाथ जोड़े सदैव सेवसम्
अवसर की प्रतीक्षामें आपके सामने ही खड़े रहते हैं ऐसे आपकी ॥

श्रीविष्वक्सेन जी का अनुसंधान करते हैं—

त्वदीयभुक्तोज्झितशेषभोजिना
त्वया निसृष्टात्मभरेण यद्यथा ।
प्रियेण सेनापतिना न्यवेदि त-
त्तथाऽनुजानन्तमुदारवीक्षणैः ॥४५॥

अर्थ—हे भगवन् ! आपके भोजन कर लेने बाद बचे हुये
प्रसाद का भोजन करने वाले तथा आपके द्वारा सोंपे गये उभय वि
की देखरेख रूपी अपने कार्य के प्रति सतत् तत्पर, आपके अति
सेनानायक श्रीविष्वक्सेन जी द्वारा भगवान की सन्निधि में जो
जिस प्रकार से निवेदन किया जाता है भगवान उस कार्य को
प्रकार से स्वीकार कर लेते हैं। अति प्रिय की बात टाली नहीं
सकती है। भगवान अपने मधुर कटाक्षपात से उस कार्य को
की आज्ञा देते हैं। ऐसे आपको ॥४५॥

अन्य परिजनों का वर्णनहै—

हताखिलक्लेशमलैः स्वभावतः
स्सदानुकूल्यैकरसैस्तवोचितैः ।
गृहीततत्तत्परिचारसाधनै-
र्निषेव्यमाणं सचिवैर्यथोचितम् ॥४६॥

अर्थ—हे नाथ ! स्वभाव से ही विनष्ट हो गये हैं समस्त

(अविद्या, अहंकार, अभिनिवेश, राग और द्वेष पाँच) और संसार सम्बन्ध रूप मल जिनके, आपके कैंकर्य (सेवा) में ही रसानुभूति करने वाले, आपकी सेवा के उपयुक्त उचित, उन उन सेवोपकरणों को अपने हाथों में यथोचित रूप से सेवा करने वाले ऐसे मन्त्रियों से परिवृत आपकी नित्य सेवा करते हुये मैं कब आपको आनन्दित करूँगा ? प्रभो ! ॥४६॥

भगवान एवं श्रीलक्ष्मी जी का वर्णन है—

अपूर्वनानारसभावनिर्भर-
प्रबुद्धया मुग्धविदग्धलीलया ।
क्षणाणुवत्क्षिप्तपरादिकालया
प्रहर्षयन्तं महिषीं महाभुजम् ॥४७॥

अर्थ— हे नाथ ! सरस भक्तों के लिये भगवान के दिव्यमंगल-विग्रह बल, सौन्दर्य आदि गुण ही विशेष भोग्य होते हैं। अतएव अपूर्व नाना प्रकार के रसों एवं भावों से निरन्तर चलने वाली, ब्रह्मा के आयुष्य वाला 'पर' काल भी भगवान की लोकोत्तर दिव्यलीलाओं के अनुभव करते समय एक क्षण की भाँति अतिशीघ्र व्यतीत हो जाता है अतएव क्षणके अत्यन्त अल्प भाग की तरह बीत जाने वाले पर काल वाली, अति मनोहर चातुर्यपूर्ण लीलाओं से पटरानी श्रीलक्ष्मीजी को आनन्दित करने वाले आजानुबाहु आपकी नित्य सेवा करने में कब आपको आनन्दित करूँगा प्रभो ! ॥४७॥

भगवत्सौन्दर्य का वर्णन—

अचिन्त्यदिव्याद्भुतनित्ययौवन-
स्वभावलावण्यमयामृतोदधिम् ।

श्रियःश्रियं भक्तजनैकजीवितं
समर्थमापत्सखमर्थिकल्पकम् ॥४८॥

अर्थ—कल्पनातीत, अप्राकृत, अत्याश्चर्यजनक, सदा एक
रहने वाला जो यौवन अर्थात् भगवान की रमणीय आकृति,
लावण्य के आधिक्य वाला अमृत का सागर है प्रभु का दिव्य
अर्थात् भगवान यौवन और लावण्य के समुद्र हैं। भक्तों को भ
का यौवन तथा रमणीयता अत्यन्त भोग्य हैं।

आप श्रीजी के भी शोभा संवर्धक हैं। तथा भक्तजनों के
नाधार, सर्वशक्तिमान्, आश्रितों पर आपत्ति आने पर उनका उ
करने वाले मित्र, याचकों को कल्पवृक्ष की तरह उनके सम्पूर्ण
रथों को पूर्ण करने वाले आपकी सेवा करते हुये कब आपको
